आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 मई 2026 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने आज विपणन वर्ष 2026–27 के लिए 14 खरीफ फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य–एमएसपी में वृद्धि को मंजूरी दे दी। इसके तहत सरकार ने सामान्य धान की एमएसपी 2441 रुपये, ग्रेड ए धान की एमएसपी 2461 रुपये, मक्के की एमएसपी 2410 रुपये और अरहर की एमएसपी 8450 रुपये प्रति क्विंटल कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्र सरकार के एमएसपी बढ़ाने के फैसले का स्वागत किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने कहा कि यह निर्णय अन्नदाता किसानों की आय बढ़ाने व कृषि विविधीकरण को प्रोत्साहन देने के साथ–साथ समृद्ध किसान–सशक्त भारत के संकल्प को नई मजबूती प्रदान करेगा।

****

पश्चिम एशिया संघर्ष से उत्पन्न वैश्विक ऊर्जा संकट के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अपील के बाद केंद्र और राज्य सरकारों ने ईंधन बचत उपाय तेज कर दिए हैं। वैश्विक ईंधन कीमतों में वृद्धि के कारण प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हाल ही में घरेलू दौरों के लिए अपने काफिले का आकार काफी कम कर दिया है। एक रिपोर्ट–

सूत्रों के अनुसार काफिले का आकार कम करने के बावजूद, प्रधानमंत्री की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी महत्वपूर्ण सुरक्षा व्यवस्थाएं यथावत बनी रहेंगी। प्रधानमंत्री मोदी ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि जहां भी संभव हो, बिना कोई नई खरीद किए, उनके काफिले में इलेक्ट्रिक वाहन शामिल किए जाएं। अंकित की रिपोर्ट के साथ अमीषा।

प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी मंत्रियों, विधायकों और जन प्रतिनिधियों से सरकारी वाहनों के उपयोग को कम करने को कहा है। एक रिपोर्ट–

मुख्यमंत्री ने स्वंय और मंत्रियों की फ्लीट में तत्काल पचास प्रतिशत तक कटौती करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि सरकारी कार्यों में पब्लिक ट्रांसपोर्ट का अधिक उपयोग किया जाए और सप्ताह में एक दिन 'नो व्हीकल डे' मनाया जाए। साथ ही, मंत्री, सांसद और विधायक भी सप्ताह में कम से कम एक दिन सार्वजनिक परिवहन का उपयोग करें। श्री योगी ने कहा कि सरकारी बैठकों, सेमिनारों और कार्यशालाओं का अधिक से अधिक आयोजन वर्चुअल माध्यम से किया जाए, जिससे अनावश्यक यात्रा और ईंधन की खपत कम हो सके। इसके अलावा उन्होंने वर्क फ्रॉम होम की व्यवस्था को भी प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों से भी अपील की है कि वे मेट्रो, बस, साइकिलिंग और कार पूलिंग जैसे विकल्प अपनाएं। समाचार कक्ष से अरूण।

****

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सोलह मई को गोरखपुर में प्रदेश के चौथे इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम का भूमि पूजन व शिलान्यास करेंगे। एक रिपोर्ट

गोरखपुर – वाराणसी राजमार्ग स्थित ताल नदोर में बनने वाला यह इंटरनेशनल स्टेडियम तीन सौ बानवे दशमलव नौ चार करोड़ रुपये की लागत से बनेगा। निर्माण के लिए पहली किस्त के रूप में तीरसठ दशमलव तीन नौ करोड़ रुपये जारी हो चुके हैं। स्टेडियम बनाने के लिए एलाइनमेंट, मिट्टी भराई, लेवलिंग और बड़े निर्माण उपकरणों को लगाने का काम शुरू भी हो चुका है। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित कार्यक्रम को लेकर आज जिलाधिकारी दीपक मीणा ने संबंधित अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल का निरीक्षण किया और आवश्यक दिशा–निर्देश दिए। लगभग 50 एकड़ में बनने वाले इस स्टेडियम में तीस हजार दर्शकों के बैठने की क्षमता होगी। आकाशवाणी समाचार के लिये गिरीश नारायण चौबे गोरखपुर।

****

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड–सीबीएसई ने कक्षा बारहवीं की परीक्षाओं का परिणाम आज घोषित कर दिया। विद्यार्थी रोल नंबर डालकर बोर्ड की आधिकारिक वेबसाइट, डिजी लॉकर और उमंग ऐप पर अपना परिणाम देख सकते हैं।

****

प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के छोटे बेटे प्रतीक यादव का 38 वर्ष की आयु में आज निधन हो गया। उनकी पत्नी अपर्णा बिष्ट यादव भाजपा की सदस्य हैं और वर्तमान में राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष हैं। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव सहित कई विशिष्टजनों ने प्रतीक यादव के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

****

मौसम विभाग ने प्रदेश में आज भी कहीं कहीं बारिश और गरज चमक के साथ बौछारें पड़ने का क्रम जारी रहने की संभावना व्यक्त की है। इस बीच, कानपुर सहित प्रदेश के कुछ अन्य जिलों से बारिश के साथ–साथ ओले गिरने के भी समाचार मिले हैं। मौसम विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक मोहम्मद दानिश ने आगामी दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना भी व्यक्त की है।

आने वाले दिनों में अगर लखनऊ की बात करें तो मौसम साफ रहेगा और दिन में धूप खिलेगी, लेकिन तापमान ऐसा कोई एक्सट्रीम लेवेल तक का नहीं पहुंचेगा। हालांकि तापमान में यहां धीरे–धीरे बढ़ोतरी होने की संभावना है। मौसम आने वाले दिनों के लिए पूरी तरीके से साफ है। अब यहां से धीरे–धीरे तापमान में हल्की–हल्की आने वाले दिनों में बढ़ोतरी होने की संभावना है।

गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों में आज दिन भर तेज धूप रही, हालांकि शाम से ही आसमान में बादल छा गये और तेज आंधी के साथ बारिश शुरू हो गयी।

****